हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

4 हसदेव नदी पर बना पुल जर्जर, दिख रहा सरिया, जगह-जगह बने गड्ढे



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक गुडलक किसान ट्रैक्टर जांजगीर द्वारा सेल्स एक्जिक्टिव 10, फाईनेंस मैनेजर 4 एवं कंप्यूटर ऑपरेटर 2, पदों पर एवं बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी सर्विस, रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं से स्नातक तक निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र जांजगीर चांपा, रायपुर एवं सिलतरा रहेगा। उक्त पदों के लिए वेतनमान 8000 से 18000 रुपए निर्धारित की गई है एवं महिला एवं पुरुष दोनों पात्र होगें। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### जनदर्शन में ग्रामीणों ने दिए 65 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को प्राथमिकता के साथ और समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। ज्यादातर आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित रहे। अतिक्रमण हटाने के साथ ही जमीन विवाद से संबंधित आवेदन प्रशासन को दिए गए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन कल तक

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत अंगारखार, करमा , बिरगहनी ब , हेड्सपुर एवं ग्राम पंचायत कण्डरा के शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 5 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर ने बताया कि विकासखंड बलौदा के अंगारखार, करमा, बिरगहनी ब, हेड्सपुर एवं कण्डरा के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र व दस्तावेजों के साथ 5 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक आवेदन एसडीएम कार्यालय जांजगीर में जमा कर सकते है।

विघालयों में पढाई हो रही लगातार प्रभावित

# स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा सामने बीएलओ के कार्य में उलझे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूलो में इन दिनो अर्धवार्षिक परीक्षा सामने है। वही दुसरी ओर ज्यादातर शिक्षको की डयुटी मतदाता पूनरीक्षण के काम में बीएलओ ड्यूटी लगी हुई है। ऐसे में विघालयों में पढाई लिखाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। दिसम्बर के महीने में स्कूलो मे अर्धवार्षिक परीक्षा होनी है। वहीं 11 दिसंबर तक शिक्षकों को घर-घर जाकर बीएलओ का कार्य करना पड़ेगा।

गौरतलब है कि दिसम्बर का महीना अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए जाना जाता है। लेकिन इन दिनो निवार्चन आयोग के आदेश के अनुसार मतदाता गहन पूनरीक्षण कार्य चल रहा है। जिसके कारण शिक्षको की डयुटी इस कार्य में लगा दी गई है। ऐसै में विघालयो में छात्रो की पढाई लिखाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बीएलओ मतदाताओ के घरो तक पहुंचकर एसआईआर के फार्म भरवाने में लगे हुए है। इधर एसआईआर फार्म भरने में मतदाताओ के साथ साथ जानकारी जुटाने में बीएलओ को काफी माथा पच्ची करनी पड रही है। शहर से लेकर गांव तक के मतदाता इन दिनो एसआईआर फार्म भरने के कार्यो में लगे हुए है। आयोग के द्वारा मतदाता गहन पूनरीक्षण के कार्यो की तारिख 4 दिसम्बर से बढाकर 11 दिसम्बर तक कर दिया है। सबसे अधिक परेशानी तो उन महिलाओ को हो रही है। जिनका विवाह वर्ष 2003 के बाद हुई है। इन महिलाओ के पिता एवं माता का मकान नंबर, भाग संख्या एवं 2003 के समय के विधान सभा की जानकारी देनी पड रही है। वही इस तरह की जानकारी आयोग को नही मिलने की स्थिती में संबंधित महिलाओ का नाम मतदाता की सूची से हटाया जा सकता है। इसे लेकर भी बीएलओ जिला प्रशासन से मिले आदेश के अनुसार कार्य भी कर रहे है। इसके अलावा वर्ष 2003 एवं 2025 के मतदाता सूची का मिलान भी होना जरूरी है। ताकि बाद में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इधर बीएलओ लोगो के घरो तक पहुंचने के साथ साथ मतदाता यदि घरो में नजर नही आ रहे है तो बीएलओ उनको खेतो से बुलवाने का काम भी कर रहे है। ताकि मतदाता पूनरीक्षण गहन कार्य पूरा कराया जा सके। इधर बीएलओ के मतदाता सूची मिलान एवं पुनरीक्षण कार्य में चले जाने के कारण कक्षा पहली से बारहवी तक की पढाई लिखाई कार्य प्रभावित हो रहा है। स्कूलो में हिन्दी,अंग्रेजी, संस्कृत,विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं गणित के साथ साथ भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान,कला विषय के तहत भुगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र की पढाई लिखाई प्रभावित हो रही है।


बीएलओ कार्य में लगे शिक्षक।

#### 8 लाख 45 हजार 577 मतदाता

जांजगीर चाम्पा जिले के तीन विधान सभा क्षेत्र पामगढ, अकलतरा एवं जांजगीर चाम्पा को मिलाकर करीब 8 लाख 45 हजार 577 मतदाता है। इनमे पुरूष मतदाता 4 लाख 24 हजार 448 मतदाता तो वही महिला मतदाताओ की संख्या 4 लाख 21 हजार 110 है। हर साल मतदाता सूची में बढे पैमाने पर युवा वोटरो के नाम जोडे जाते है। वही मृत लोगो के नाम भी इस सूची से हटाए जाते है, ताकि पात्र लोगो का नाम ही मतदाता सूची में जुडे । इधर आयोग के द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एसआईआर के कामो में गलत तरीके के द्वारा जानकारी प्रदान किए जाने की स्थिती में कार्यवाही का प्रावधान भी बनाया गया है, ताकि मतदाता गहन पुनरीक्षण शुद्धीकरण कार्य पूरा किया जा सके। इधर आयोग के निर्देश के अनुसार एसआईआर गुरूवार 4 दिसम्बर से बढाकर 11 दिसम्बर तक कर दिया गया है।

#### दिए है दिशा निर्देश

इन दिनो मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। जिसके कारण बीएलओ लोगो के घरो तक पहुंचकर लोगो को एसआईआर फार्म देने के साथ उसे भरवाने के काम कर रहे है। स्कूलो में पढाई लिखाई व्यवस्था बनाने को लेकर डीईओ को निर्देशित किया गया है।

- ज्ञानेन्द्र ठाकुर,
अपर कलेक्टर, जांजगीर चाम्पा

# रैनखोल वन परिक्षेत्र में पखवाडे भर से घूम रहा हाथियों का दल

## आसपास के ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के वनपरिक्षेत्र रैनखोल सहित आधा दर्जन से अधिक गांवो में हाथियो की धमक से दहशत का माहौल है। यहां पखवाडे भर से 13 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है जिसके कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। हाथी का दल धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है।

सक्ती जिले के वनांचल ग्राम रैनखोल सहित बासीनपाठ, सहिलाभाठा, भुईगांव, गुंजी बरपाली में इन दिनों हाथियों के झुंड पहुंचने को लेकर दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि सीमावर्ती कोरबा जिले से 13 हाथियों का झुंड पखवाडे भर से रैनखोल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंड पहुंचने से धान की फसलों को सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण भी भयभीत है। वर्तमान में धान कटाई का काम चल रहा है लेकिन क्षेत्र में हाथियों का झुंड के पहुंचने से ग्रामीण खेत जाने से भी डरने लगे है। इधर वनांचल क्षेत्रो में हाथियो के बढते धमक को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा किसी भी हालत से निपटने के लिए अफसर एवं कर्मचारियो की अगुवाई में टीम का गठन भी किया गया है, जो हाथियो की हर गतिविधियो पर नजर रखे हुए है। वन परिक्षेत्रो में हाथियो के आने के कारण जहां लोगो का घरो से निकलना मुशकिल हो गया है। वही सबसे अधिक प्रभाव धान की फसलो पर पड रहा है। धान की कटाई वनांचल के गांवो में प्रारंभ हो चुकी है। वही किसान सुबह से धान कटाई को लेकर खेतो की ओर चले जाते है, लेकिन आधा दर्जन से अधिक गांवो में हाथियो के दखल के कारण इस क्षेत्र के लोग धान कटाई कार्य के लिए नही निकल पा रहे है। किसानो को धान की फसल खराब होने के साथ साथ हाथियो का डर सता रहा है। जिसके कारण कृषको की परेशानी और भी बढ गई है। रैनखोल वन क्षेत्र में पखवाडे भर से इस तरह की समस्या किसानो सहित आम लोगो को हो रही है। वन विभाग की टीम के द्वारा इस पर कडी नजर भी रखी जा रही है। वही ग्रामिणो को गांव में मुनादी करवाकर घर से बाहर निकलने के दौरान सतकर्ता बरतने कहा जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में हाथियो के बढते दखल को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा विद्युत विभाग से संपर्क करके क्षेत्र मे बिजली की सप्लाई अस्थाई रूप से बंद रखने भी कहा गया है। ताकि हाथियो को करंट की चपेट से बचाया जा सके। साथ ही साथ बिजली की रौशनी में हाथी और भी उत्पात मचाते है। इसे देखते हुए भी क्षेत्र के गांवो में बिजली सप्लाई अभी बंद रखने के लिए भी कहा गया है। इधर क्षेत्र में हाथियो की धमक के चलते स्कूलो में पढाई लिखाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के कई स्कूली बच्चे स्कूल भी नही जा पा रहे है। इस तरह की समस्या पखवाड़े भर से बनी हुई है।

इस संबंध में सक्ती वनपरिक्षेत्र के रेंजर जितेन्द्र कंवर का कहना है कि 15 दिनों से हाथियों का दल रैनखोल में विचरण कर रहा है। लोगों को आने जाने के दौरान सावधानी बरतने कहा गया है।



हाथियों के विचरण के चलते धान की फसल को पहुंच रहा नुकसान।

# स्टेडियम के लिए लगाया बोर्ड, कॉलेज प्रबंधन ने सीएमओ को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के अहाता के पास स्टेडियम निर्माण का बोर्ड लगाया है। इस पर आपत्ति उठाते हुए कॉलेज प्रबंधन ने नगर पालिका के सीएमओ को नोटिस जारी किया है। सात दिवस के अंदर बोर्ड नहीं हटाने पर विरुद्ध विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती के तरफ से मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सक्ती को नोटिस दिया गया है। जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के अहाता में नगर पालिका परिषद द्वारा लगाए गए बोर्ड को अवैध बताते हुए उसको हटाए जाने के लिए नोटिस दिया गया है। जे.एल.एन. डिग्री कालेज के अहाता में नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा लगाये गये बोर्ड के संबंध में कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि नगर पालिका द्वारा महाविद्यालय के तोड़े गये अहाता पर खेल परिसर का अवैध बोर्ड नगरपालिका परिषद सक्ती द्वारा लगाया गया है, जबकि उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 16 जून 2023 को पारित आदेश के तहत महाविद्यालय को वहां से स्थांनातरित या बेदखल नही करने का अंतरिम आदेश प्रदान किया गया था। इसके बावजूद स्टेडियम निर्माण का बोर्ड लगाकर उच्च न्यायालय के आदेश का उलंघन किया जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने नोटिस पत्र प्राप्ति के सात दिवस के अंदर अवैध बोर्ड हटाने की बात कही है। अन्यथा विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। विदित हो नगर पालिका सक्ती द्वारा वर्ष 2016 में इंडोर स्टेडियम निर्माण के संबंध में शिक्षण समिति सक्ती से अनुमति मांगी गई थी और सक्ती शिक्षण समिति द्वारा सशर्त अनुमति दी गई थी। लेकिन वर्तमान में महाविद्यालय के अहाता परिसर में बिना अनुमति लिए बिना सूचना दिए अवैधानिक रूप से नगर पालिका द्वारा खेल परिसर का बोर्ड लगा दिया गया है।




### सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी करने वाले गिरफ्तार

**अकलतरा।** अकलतरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कार्रवाई करते हुए गांजा, शराब पीने वाले व अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कानूनी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा के द्वारा टीम के साथ 29 नवंबर की रात्रि में थाना अकलतरा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु अलग-अलग पुलिस टीम रवाना किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम के द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के सकुनत पर घेरा बंदी कर चेक किया गया चेकिंग के दौरान एक आरोपी के कब्जे से 6 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसी दौरान टीम ने एक व्यक्ति को चिलम से गांजा पीते हुए पकड़ा। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया वहीं एक व्यक्ति को सार्वजनिक जगह पर शराब पीते हुए पकड़ा जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान 6 अपराधिक तत्वों के व्यक्तियों सहित कुल 9 लोगों को पकड़ा गया जिनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## जिले के 31 केन्द्रों में होगी व्यापमं की अमीन भर्ती परीक्षा

# हल्के रंग के हाफ शर्ट और चप्पल पहनकर देना होगा एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा 7 दिसम्बर को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों बनाए गए हैं। इन केंद्रों में 9436 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। व्यापम ने परीक्षार्थियों के लिए गाइड लाइन जारी किया है।

जारी गाइड लाइन के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर ले, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा प्रातः 12 बजे से प्रारंभ हो रहा है इसलिए मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। ठंड के मौसम को देखते हुए केवल बिना पॉकेट के साधारण स्वेटर की अनुमति होगी है। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित होगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

#### जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित

परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 12 में जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्प डेस्क का उद्देश्य परीक्षार्थियों को परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारी, मार्गदर्शन तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि किसी भी समस्या या जानकारी हेतु कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक डिप्टी कलेक्टर एवं जिला नोडल शशि कुमार चौधरी दूरभाष नंबर 9993257353, प्राचार्य एवं समन्वयक नोडल डॉ.डी.आर.लहरे 9752292926, सहायक नोडल आकाश कुमार भारद्वाज 7648091099, सहायक नोडल प्रवीण कुमार पोर्ते 6263718111 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## शासकीय विद्यालय मिस्दा में नव पदस्थ प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण



**चांपा।** नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मिस्दा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिस्दा में नव पदस्थ प्राचार्य जी. आर. खन्ना का विद्यालय परिवार द्वारा सप्रेम स्वागत किया गया। प्राचार्य पदभार ग्रहण करने के उपरांत स्कूल स्टाफ ने उन्हें गुपदस्त एवं घड़ी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री खन्ना के स्वागत संबोधन से हुई,जिसमें उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आत्मीय परिचय प्राप्त किया। स्टाफ सदस्यों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों,उपलब्धियों और वर्तमान परिस्थितियों की जानकारी साझा की। प्राचार्य श्री खन्ना ने सभी से सहयोग और टीम भावना के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक विद्यालय की प्रगति उसके शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय के संयुक्त प्रयासों से संभव होती है। श्री खन्ना ने शिक्षकगणों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए विद्यालय विकास के लिए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन पर विशेष ध्यान देंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने भी नए प्राचार्य के प्रति स्वागत व्यक्त किया और उनके नेतृत्व में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण की आशा जताई। प्राचार्य श्री खन्ना ने सम्मान हेतु सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि मिस्दा विद्यालय शिक्षा और सहशैक्षणिक गतिविधियों में क्षेत्र का अग्रणी विद्यालय बने।

## वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रमाकांत सोनी जबलपुर में हुए सम्मानित



**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील जबलपुर के कादम्बरी संस्था वर्ष 2025 अखिल भारतीय साहित्यकार समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रमाकांत सोनी का स्व लक्ष्मी देवी देवपुरा लोकसाहित्य सम्मान शाल, रुद्राक्ष, मोती माला, प्रशस्ति पत्र, एवं नगद सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लोक साहित्य विधा पर कादम्बरी के संस्थापक सदस्य एवं वर्तमान अध्यक्ष आचार्य डॉ भगवत दुबे ने स्वयं अपने हाथों से किया। शहीद स्मारक भवन जबलपुर में आयोजित अ. भा. सम्मान एवं अलंकरण समारोह के इस महाकुंभ में विभिन्न विधाओं पर तिरपन पुस्तकों के रचयिता एवं देश के ख्यात नव गीतकार संस्था के अध्यक्ष डॉ भगवत दुबे ने कहा - साहित्यकारों द्वारा अपनी लेखनी के माध्यम भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा स्तुत्य प्रयास है। साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम सामाजिक आत्मीयता का संदेश देते हुए विश्व बंधुत्व का निरंतर प्रसार करते हैं। समारोह की अध्यक्षता सात विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ कृष्ण बिहारी पांडेय ने की। मंच पर महेश दिवाकर.सजल विधा के पुरोधा अनिल गहलोत 'ओम नीरव अमरेंद्र नारायण डॉ कैलाश गुप्ता डॉ मुकुंद तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर आचार्य भगवत दुबे की रामकथा एवं कादम्बरी संस्था की स्मारिका सहित विभिन्न विद्वानों एवं विधाओं की नौ पुस्तकों का विमोचन किया गया। सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के अलग अलग विधाओं के विद्वानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कादम्बरी संस्था के महासचिव राजेश पाठक ने किया।

## साढ़े 3 लाख की चोरी मामले में अब तक नहीं हुई एफआईआर

**सक्ती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बुधवारी बाजार के सूने मकान से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी, सोने-चांदी के जेवरात सहित साढ़े 3 लाख रुपये की चोरी कर ली है। घटना को 13 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, जिसके कारण परिवार के सदस्य थाना के चक्कर काटने मजबूर हैं। साथ ही एडिशनल एसपी हरीश यादव को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। इसके बाद एएसपी द्वारा एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिया गया है। सक्ती के बुधवारी बाजार के वार्ड 6 निवासी दिनेश लोधी ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ उज्जैन और सीहोर मंदिर दर्शन करने गया था। वहां से 17 नवंबर की रात को वापस आकर देखने पर घर का दरवाजा टूटा हुआ था। घर के अंदर में गैंती और शराब की बोतल पड़ी थी। अज्ञात चोरों ने घर से 60 हजार नगदी और सोने-चांदी के जेवरात सहित साढ़े 3 लाख रुपये की चोरी कर ली थी। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचकर 2 पुलिसकर्मियों ने जांच की थी। इसके बाद थाना में चोरी की शिकायत की गई थी, लेकिन थाने में कई दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, तब 24 नवंबर को एसपी ऑफिस पहुंचकर एडिशनल एसपी हरीश यादव को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इस सबंध में एडिशनल एसपी हरीश यादव का कहना है कि चोरी की शिकायत मिली है। इस पर एफआईआर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

# लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ शीघ्र करें निराकरण : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार 1 दिसंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित कार्यों एवं समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्य गति बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, जनशिकायतों के समाधान की गति बढ़ाने और फील्ड में सक्रिय उपस्थिति बनाए रखने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लगातार शिविर लगाकर अभियान चलाया जाए। कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग के अपने विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर लगातार नजर रखें और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाएं। बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के विकास और जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए टीम-वर्क और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने सभी विभागों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य रूप से प्रारंभ करने और प्रतिदिन की जानकारी समय पर भेजने के निर्देश दिए। सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस का नियमित उपयोग कर फाइलों के शीघ्र निपटान पर जोर दिया। कलेक्टर ने मौसमी बिमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों, जांच किट अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जन-जागरूकता ही मौसमी बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है, इसलिए गांवों और शहरी क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने युवा उत्सव की तैयारी को प्राथमिकता देने, विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों की पहचान कर प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। नगर निवेश विभाग को विकास योजनाओं की तैयारी में गति लाने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व-निधि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित कर अधिकाधिक लाभार्थियों को जोड़ने और योजनाओं का लक्ष्य पूरा करने कहा। राजस्व विभाग को लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्रहियों का शत-प्रतिशत आधार ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। अनुसूचित जनजाति विभाग को निर्देशित किया गया कि छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का वितरण समय पर और पारदर्शी रूप से किया जाए। पीडब्ल्यूडी विभाग को क्षेत्रवार सड़क निर्माण, मरम्मत और पैचवर्क की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवश्यक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन और लंबित सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोन मेला और आजीविका मेला आयोजित कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी और विभागीय प्रभारी उपस्थित रहे।

### 2 से 5 दिसम्बर तक सभी समितियों आयोजित होगा विशेष शिविर

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने किसानों के छूटे हुए रकबा, खसरा को शीघ्र जोड़वाने, धान के रखरखाव तथा अवैध धान परिवहन - भंडारण पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में उपार्जित धान के रखरखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समितिवार समीक्षा करते हुए समितिवार रकबा समर्पण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने सभी जिला नोडल अधिकारियों को धान के अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। बिर्रा और शिवरीनारायण चेक पोस्ट पर सख्त जांच करने कहा गया है। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि किसी पात्र किसान को धान बेचने से किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी समितियां पर्याप्त बारदाना एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो, ताकि खरीदी कार्य सुचारू रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।
तीन दिवसीय शिविर आयोजित होंगे - कलेक्टर ने निर्देश दिया कि ऐसे कृषक जिनका एग्रीस्टैक पोर्टल में कुछ खसरों का पंजीयन छूट गया है उनका 02 से 05 दिसम्बर तक सभी समितियों में विशेष शिविर आयोजित कर शत प्रतिशत एंट्री पूर्ण कराई जाए।



## किसानों की मेहनत का वाजिब हक दे रही सरकार : अंबेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

विष्णुदेव सरकार किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब हक दे रही है। देशभर में छत्तीसगढ़ में किसानों के धान को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है और पैसा किस्तों में नहीं एक मुश्त किसानों के खाते में जमा होता है।

ये बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कही। वे नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत सेवा सहकारी समिति तुलसी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सविता तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम कश्यप, सरपंच राजेश रोशन सुल्तानिया बतौर अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने धान बेचने पहुंचे किसान का फूल माला और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। वहीं कांटा बाट की पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर धान खरीदी की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए धान खरीदी में पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की बात कही। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष किशोर कश्यप ने किया। संचालन रामेश्वरदास महंत ने किया। इस अवसर पर राजकुमार साहू, विजय साहू, रमेश केंवट, फेकूलाल कश्यप, रजना, श्यामलाल, जयनारायण, हेमलाल यादव, राजेन्द्र कुमार, लोचन, कैलाश साहू, राजकुमार सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ सेवा सहकारी समिति तुलसी में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

## सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी गई विदाई

**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से नवंबर माह में वरिष्ठ पर्यवेक्षक रमेश कुमार गोपाल एवं हेमलाल ठाकुर सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे दोनों कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचएन. कोसरिया ने उनके कार्यों की सराहना की। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता,आलोक लकरा, एसडी. द्विवेदी, आरएल. ध्रुव, आरके. साव और एन. लकरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## बिरगहनी में लगातार किये जा रहे राखड़ डंप से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चांपा-बिरगहनी

ग्राम पंचायत बिरगहनी में पिछले 1 वर्ष से लगातार शासकीय भूमि पर राखड़ व रेत का भण्डारण किया जा रहा है। इसके परिवहन व खुले में किये जा रहे भण्डारण से उड़ने वाले डस्ट से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीण इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उनके बच्चे इस उड़ने वाले धूल डस्ट से ग्रसित होकर स्वांस, दमा, सिलिकोसिस जैसे गंभीर बिमारियों का शिकार न हो जाए।

बढ़ते प्रदूषण से चिंतित ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात दिलाने कई बार कलेक्टर, पर्यावरण संरक्षण मण्डल से शिकायत कर उचित कार्रवाई करने की मांग कर चुके है, परन्तु आज तक समुचित कार्रवाई नहीं की गई है। इसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। यहां नियमों को ताक में रखकर क्रेशर संचालित किया जा रहा हैं। ग्राम बिरगहनी में 19 क्रशर संचालित है, जो शासन द्वारा निर्धारित मानक के विपरीत चलाया जा रहा है। इस संबंध में भी विधि विपरीत किये जा रहे बोर ब्लास्टिंग, खुले खदान में घेरा का न होना, प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के मकानों में दरारें पड़ने व सीलिंग के फटने जैसी घटनाएं आम हैं। खदान से उड़ने वाले धूल डस्ट पर पानी का छिड़काव नहीं करने से बच्चों, बुढ़ों, बड़ों को दमा, स्वांस संबंधी बीमारी होने की शिकायत कलेक्टर व पर्यावरण विभाग से की गई है, परन्तु प्रशासन ग्रामीणों की समस्याओं व शिकायतों पर कार्रवाई करने गंभीर नहीं है। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए व उनकी समस्याओं से निजात दिलाने भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष व जनपद सदस्य व पर्यावरण विकास समिति के सभापति डंकेश्वर यादव ने कलेक्टर, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मण्डल बिलासपुर में लिखित शिकायत कर कार्रवाई रोक लगाने की मांग की है।

■ गंभीर बीमारी से ग्रसित होने का सता रहा डर, ग्रामीणों ने रोक लगाने प्रशासन से लगाई गुहार

## कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए फूंका ईडी का पुतला

**जांजगीर-चांपा।** केंद्र सरकार के द्वारा विद्वेषवश सत्ता के ताकत का दुरुपयोग करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से नेशनल हेराल्ड मामले में प्रमुख विपक्षी दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षद्वय श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है, जिसके खिलाफ में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कचहरी चौक में पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता कचहरी चौक में एकत्रित होकर केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दोनों का पुतला को आग के हवाले किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों पुतले को बुझाने की भरकस कोशिश की गई, लेकिन कांग्रेसजनों के गुस्सा और उत्साह के आगे बेबस नजर आई और पुतला धू-धू कर जलने लगा। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्षद्वय रमेश पैगवार, भगवान दास गढ़ेवाल, शिशिर द्विवेदी, रफीक सिद्दीकी, नागेंद्र गुप्ता, विवेक सिसोदिया, ऋषि उपाध्याय, रामबिलास राठौर, रईस किंग खूंटे, लोकेश राठौर, प्रिंस शर्मा, सुनील साधवानी, हरीश पाण्डेय, विष्णु यादव, अजीत राणा, देवकुमार पांडे, महारथी बघेल, मुस्कान परवीन, राज अग्रवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, गौरव सिंग, आकाश शर्मा, गार्गी तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## हायर सेकंडरी स्कूल खैरा में 64 छात्राओं को सायकिल वितरित

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के तहत शासकीय उच्च माध्य विद्या खैरा में अध्ययनरत कक्षा 9 वी के 64 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकिल का वितरण भाजपा मंडल अध्यक्ष (ग्रामीण) गेंदराम मनहर, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमल किशोर राठौर, ग्राम सरपंच श्रीमती हेमलता चंद्रा के आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि श्री मनहर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रॉप आउट कम करने के लिए छ ग सरकार बालिकाओं को सायकल वितरित करती है। उन्होंने घोषणा किया कि इस संस्था से जो विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करेंगे उन्हें 11 हजार रु का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। सरपंच श्रीमती हेमलता चंद्रा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अच्छी पढ़ाई कर अपने माता पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही। गजेंद्र राठौर ने अपने उद्बोधन में सरस्वती सायकिल वितरण योजना के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार जायसवाल ने अतिथियों को विद्यालय की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया एवं शासन की योजनाओं का विद्यालय द्वारा क्रियान्वयन की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन भूषण राठौर एवं व्याख्याता रेखा सिदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच गिरधर सिदार, प्रेम चंद्रा, रमेश जायसवाल, सरस्वती सायकिल प्रभारी जगमोहन राठौर सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, पालक, ग्रामीणजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र. 15/व-121/2025-2026

ग्राम- पौना तहसील-अकलतरा

आवेदक श्री सूरज कुमार उम्र 22 वर्ष पिता द्वारिका प्रसाद लहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम पौना वार्ड नं 11 तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका मधुलिका कैवर्त्य उम्र 21 वर्ष पिता रामखिलावन कैवर्त्य जाति केंवट निवासी नरियरा वार्ड नं. 17 सड़क पारा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम पौना तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सूरज कुमार उम्र 22 वर्ष पिता द्वारिका प्रसाद लहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम पौना वार्ड नं 11 तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका मधुलिका कैवर्त्य उम्र 21 वर्ष पिता रामखिलावन कैवर्त्य जाति केंवट निवासी नरियरा वार्ड नं. 17 सड़क पारा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का ईलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

लाइफ Style

# कीर्ति

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

एजेंसी ⏭ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांताराः चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

*मुंबई। शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

**खबर संक्षेप**

### छात्राओं की सुविधा के लिए सेवानिवृत शिक्षिका ने शाला में कराया बोर



**अकलतरा।** नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में सेवानिवृत्त शिक्षिका गीता अज्ञा सावलानी ने अपनी बहन एवं सेवानिवृत शिक्षिका स्वर्गीय शांति देवी की स्मृति में अपने खर्च से स्कूल परिसर में नलकूप खनन कर हैंडपंप की स्थापना कराई। हैंडपंप का लोकार्पण पार्षद मुरलीधर मिश्रा और गीता सावलानी ने पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद मुरलीधर मिश्रा ने कहा कि शिक्षिका ने वर्षों तक सेवा देने के बाद छात्राओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कर सामाजिक सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। हैंडपंप लगने से स्कूल में पानी की समस्या का समाधान होगा। प्रधान पाठक रविंद्र सिंह बैस ने बताया कि शिक्षिका सेवानिवृत्ति के बाद भी स्कूल की सुविधाओं का ध्यान रख रही हैं और संचालन में सहयोग दे रही हैं।

### पंजीकृत किसानों को धान बेचने मिलेंगे 3 टोकन

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवंबर से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य जारी है। धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित संचालित करने टोकन तुहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन जारी कर धान खरीदी की जा रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 1 टोकन, 2 एकड़ से 10 एकड़ तक वाले किसानों को अधिकतम 2 टोकन और 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन जारी किए जाने की पात्रता है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के प्रबंध संचालक द्वारा टोकन जारी करने के लिए भूमि के आधार पर पात्रता की जानकारी का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

### हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम एवं सिमरन ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**अकलतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़रिया अकलतरा में हिंदी भाषा में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनिया कक्षा 9वी ,द्वतीय सिमरन पोर्ते कक्षा 10 वी ,तृतीय स्थान चेतना सोनवानी कक्षा 9वी, चतुर्थ स्थान भारती कँवर कक्षा 12 वी कला एवं पंचम स्थान पर टिकेश्वरी विजेता रही। शाला के व्याख्याता राज किशोर धीरही ने बताया कि सुस्पष्ट लिखावट को प्रोत्साहित करने के लिए उक्त प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया।प्राचार्य घासीराम पटेल व शिक्षकों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर धिरही ने किया। इस अवसर पर बसंत बंजारे उमंकांत टैगोर शुभम शर्मा सूरज प्रकाश कँवर उपस्थित रहे।

### लवसरा में पूर्व मंत्री ने किया धान खरीदी का शुभारंभ



**बेल्हाडीह- जेठा।** सेवा सहकारी समिति के लवसरा धान खरीदी केंद्र में पूर्व मंत्री मेधा राम साहू और मंडी अध्यक्ष घनश्याम साहू मुख्य आतिथ्य में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर किसानों की सुविधा और अव्यवस्था से बचाव के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लवसरा धान खरीदी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मेधा राम साहू ने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों से किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। मंडी अध्यक्ष घनश्याम साहू ने भी अपने उद्बोधन में किसानों के हित और उनके लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से किसान समाज में आत्मनिर्भर और सशक्त बनता है। इस अवसर पर शत्रुघन साहू खरीदी प्रभारी लवसरा ने किसानों से विशेष अपील की कि वे धान खरीदी केंद्र पर केवल टोकन के माध्यम से आएं ताकि लंबी कतारों और अव्यवस्था से बचा जा सके। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को सरल, व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के निर्देश समिति कर्मचारियों को दिए। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष घनश्याम साहू, जन.प.सदस्य मनोज श्रीवास, सरपंच जेठा गणेश चन्द्र, लवसरा सरपंच प्रतिनिधि रामकिशन, दिशा समिति सदस्य ब्यास नारायण,आपरेटर गोर्वधन साहू, टीका राम, राजेन्द्र सिदार, भोलाशंकर, मनीराम चंद्रा,भरत चंद्रा, मोहन लाल, हरिश साहू, श्याम लाल, गंगा राम, तुलेश्वर साहू,कुंजबिहारीसहित किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों और समिति सदस्यों ने भी धान की गुणवत्ता, वजन और भुगतान प्रक्रिया पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी।

आने-जाने वाले वाहन चालकों को हो रही परेशानी

# हसदेव नदी पर बना पुल जर्जर, दिख रहा सरिया, जगह-जगह बने गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सिलादेही और केरा के मध्य स्थित हसदेव नदी पर बना पुल जर्जर हो चुका है। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढा होने और सरिया के झांकने से आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह जांजगीर चांपा, सक्ती , बलौदा बाजार, सारंगढ़ , रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद ,रायपुर सहित कई जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी वाहन आवागमन करते हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सिलादेही और जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत केरा के मध्य में हसदेव नदी के ऊपर बने पुल समुचित देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में बहुत ज्यादा खराब हो गया है। इस पुल से जांजगीर चांपा, सक्ती , बलौदा बाजार, सारंगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा,महासमुंद ,रायपुर आदि कई जिलों को जोड़ने वाला यह क्षेत्र का एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी भीमकाय वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढा होने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना हजारों की तादाद में भारी भारी वाहनों के चलने से सिलादेही और केरा के मध्य में हसदेव नदी के ऊपर में बने इस पुल में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढा हो गया है। पुल के ऊपर में बने दर्जनों गड्ढा के कारण राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को अपनी जान हथेली पर लेकर चलना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भर जाने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं देता है, लेकिन अब धूल के अंबार लगने के कारण वाहन चालकों के कई वाहन पलट चुके हैं। ठेकेदार ने विभाग के अधिकारियों से सांठ गांठ करके निम्न स्तर का निर्माण सामग्री का उपयोग किया है। इसलिए महज कुछ ही सालों में पुल के ऊपर में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस पुल से रोजाना हजारों लोगों के द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। इसके बावजूद सेतु निगम के अधिकारी मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुल के ऊपर में डामर की मोटा परत चढ़ाने के बजाय इसकी सुध तक नहीं ले रहे हैं।



पुल पर बना गड्ढा व दिख रहा सरिया, जिससे वाहन चालकों को हो रही परेशानी।

# अध्यात्म के माध्यम से जीवन में प्राप्त किया जा सकता है शांति और सुख : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वामी युगल शरण का दार्शनिक प्रवचन का दूसरा दिन

हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे सत्संग श्रृंखला के द्वितीय दिवस सोमवार 1 दिसंबर को जगद्गुरू स्वामी कृपालु महाराज के प्रमुख प्रचारक स्वामी युगल शरण ने अपने ज्ञानपूर्ण प्रवचन से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

विशाल संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने स्वामी के दार्शनिक विचारों को आत्मसात किया। अपने प्रवचन में स्वामी युगल शरण ने कि संसार का प्रत्येक जीव आस्तिक है, क्योंकि हर व्यक्ति जो भी करता है, उसका मूल प्रयोजन 'सुख' और 'आनंद' ही होता है। बिना प्रयोजन कोई भी कार्य संभव नहीं। उन्होंने कहा कि मनुष्य स्वयं को शरीर मानकर भौतिक सुखों के पीछे भागता है, जबकि उसकी वास्तविक पहचान आत्मा है, जिसका नित्य संबंध केवल परमात्मा से है। संसार के सभी संबंध स्वार्थयुक्त और क्षणभंगुर होते हैं, जबकि भगवान का संबंध नितांत निःस्वार्थ, सनातन और अटल है। स्वामी युगल शरण ने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं को नहीं जानता, वह अज्ञान के कारण पागल की भांति संसार में भटकता रहता है। मनुष्य अपना नाम, जाति, पदवी को ही अपनी पहचान मान लेता है, जबकि यह सब अस्थायी है। संत भी संसार में रहते हुए हमें आत्मज्ञान का मार्ग दिखाने के लिए आते हैं और भगवान-प्राप्ति की दिशा में प्रेरित करते हैं।

वेद, उपनिषद और गीता के उद्धरणों के माध्यम से स्वामी युगल शरण ने समझाया कि आनंद का वास्तविक और शाश्वत स्रोत ईश्वर ही हैं, क्योंकि भगवान स्वयं आनंदस्वरूप हैं। भौतिक उन्नति से मन की शुद्धि संभव नहीं, जबकि अध्यात्म के माध्यम से जीवन में स्थायी शांति और सुख प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न दर्शनों का निष्कर्ष भी यही है कि मानव जीवन का चरम लक्ष्य केवल आनंद प्राप्ति है और यह आनंद ईश्वर-प्राप्ति से ही संभव है। सत्संग स्थल पर पूरे समय आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।



आचार्य को अध्यात्मिक पुस्तक भेंट करता श्रद्धालु व कथा श्रवण करने पहुंचे भक्त।

## वेल विशर फाउंडेशन ने ठंड से बचाव के लिए बच्चों को प्रदान किया स्वेटर



**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक स्कूल वार्ड नम्बर 20 लेबर कालोनी के प्राथमिक शाला में बच्चो को ठंड से राहत हेतु स्व विद्याधर सिंह चौहान के स्मृति में स्वेटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी छोटू कश्यप ने कहा कि समाज सेवा के कार्य में क्षेत्र में वेलविशर फाउंडेशन द्वारा लगातार अनुकरणीय कार्य किया जा रहे हैं। वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि स्व विद्याधर सिंह चौहान के स्मृति में वेलविशर फाउंडेशन के द्वारा प्रतिवर्ष समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं ,इस वर्ष बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चो को स्वेटर प्रदान किया गया। वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने बच्चो को ठंड से बचने के लिए कहा। हमेशा गर्म कपड़े व कान को ढक कर रखने व गर्म पानी, गर्म खाने की सलाह दी। सदस्य प्रेम निलमकर ने कहा कि स्वेटर पा कर बच्चो के चेहरे में मुस्कान आई ए हमारी संस्था वेल विशर फाउंडेशन की कमाई है। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला लेबर कॉलोनी के स्कूल के स्टाफ मोहन कश्यप, रामविलाश,रोहित ठाकुर उपस्थिति थे।

## एड्स से बचाव के लिए जागरूकता जरुरी : सिदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- विश्व एड्स दिवस पर शासकीय क्रांति कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संत राम सिदार थे। कार्यक्रम में एचआईवी, एड्स एवं टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत की गईं। मेडिकल लैब टेक्नोलोजिस्ट रविशंकर श्रीवास ने एचआईवी, एड्स के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला टीबी प्रभारी विनोद राठौर एवं संजय बंजारे ने टीबी से संबंधित जानकारी उपस्थित छात्र-छात्राओं को दी। इसके पश्चात टीबी-एचआईवी नोडल अधिकारी डॉ. संत राम सिदार ने कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. विजय लहरे ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। संस्था के प्राचार्य डॉ डी.पी.पाटले द्वारा जानकारी दी गईं की लोग अधिक से अधिक जागरूक हो तभी हम इन भ्रातियों को दूर कर सकते है। वहीं डॉ. शकुंतला राज ने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी तथा हानिकारक आहार के बारे में बताते हुए हरी सब्जियों के अधिक उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. पाटले, प्रो. डॉ. शकुंतला राज, प्रो. सोमेश कुमार घिटोड़े (नोडल अधिकारी रेड रिबन क्लब), प्रो. हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो. डॉ. टी. पी. टंडन, प्रो. डॉ. विद्या राय सागर, प्रो. डॉ. महेंद्र यादव, प्रो. जी. एस. मैत्री, प्रो. संतोष जांगड़े सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर, रंगोली, निबंध, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम शीला खूंटे, द्वितीय चंचल साहू, तृतीय बिट्टू प्रसाद, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम गीतांजलि राठौर, द्वितीय पारुल एवं चेतना तृतीय स्थान पर रही।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं।

## सेवा सहकारी समिति मेहंदी में हुई धान खरीदी की बोहनी

**पामगढ़।** सेवा सहकारी समिति मेहंदी में धान खरीदी का शुभारंभ सोमवार 1 दिसंबर को विधिविधान से कांटा बाट का पूजा अर्चना कर किया गया। टोकन प्राप्त किसानों को माला पहना कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर गुलाब सिंह निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष, श्रीमती नुरेश्वरी श्रीवास जिला मंत्री भाजपा,श्रीमती रंजना'मानेश जांगड़े जनपद अध्यक्ष, रूपचंद साहू जनपद उपाध्यक्ष रामबिलास खूंटे सहकारिता सभापति,श्री मति संतोषी सुखसागर अजगले ग्राम सरपंच मेहंदी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर शाखा प्रबंधक रामकुमार श्रीवास प्राधिकृत अधिकारी मेहंदी, सुखदेव यादव संस्था प्रबंधक, शैलेष सिंह कम्प्यूटर ऑपरेटर कृषक गण सुधनवाकश्यप,धरमलाल कश्यप,बोधवा यादव, विनोद पटेल,नेपाल पटेल,रामखिलावन केवंट, उतरा देवांगन, भगत,मूलचंद कश्यप,सूंदर साहू सहित समिति के कर्मचारी उपस्थित थे ।



## समय पर मतदाता शुद्धीकरण का कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला भाजपा जांजगीर-चांपा के द्वारा नरियरा नगर पंचायत के लिए नियुक्त प्रभारी भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने नरियरा पहुंचकर पार्टी द्वारा नियुक्त बी.एल.ए.2 की मीटिंग लिया गया एवं उन्हें शासन से नियुक्त बी.एल.ओ. की मदद करते हुए समय पर मतदाता शुद्धीकरण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इंजीनियर पाण्डेय ने बताया कि 22 वर्षो के बाद निर्वाचन आयोग के द्वारा देश मे विभिन्न प्रदेशों मे क्रमवार मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है जो एक प्रकार का मतदाता सूची शुद्धीकरण है। इस कार्य से मतदाता सूची को सही और अपडेट करते हुए जिन लोगों का नाम गलत अंकित है या छुट गया है उसे सही किया जा रहा है साथ ही साथ जिन लोगो का पता बदल गई है या अब वो पात्र नहीं है या जिसकी मृत्यु हो गयी है उन्हें सूची से हटाया जा रहा है। इंजीनियर पाण्डेय ने जानकारी दी की निर्वाचन आयोग ने इस कार्य को डिजिटल तकनीक करके और आसान बना दिया है। बूथ लेवल आफिसर घर घर जाकर गणना पत्रक भरवा रहे है जिसके लिए किसी दस्तावेज की फोटोकापी की जरूरत नही है। मतदाता अब एक आनलाइन लिंक के माध्यम से पहले अक्षर से खोजकर, गणना पत्रक मे सही जानकारी भरकर त्रुटि रहित सूची बनाने मे सहयोग कर सकते है। इस अवसर पर हरप्रसाद यादव, आकाश सिंह, रवि रात्रे, महेश कर्ष, शशिदास महंत, शुशांत बंजारे, दिलचंद बंजारे, मधु पाटले, राजेस कैवर्त, गणपति दास महंत, कृष्णचंद राठौर, रवि राय, पारस दुबे, प्रदीप निर्मलकर, दीपक बंजारे, धीरेन्द्र निर्मलकर, दुर्गेश साहू, धनंजय बरेठ, बलराम गोस्वामी, दुर्गेश यादव, संतोष भारत, अनिल यादव मौजूद थे।



एसआईआर फार्म का अवलोकन करते भाजपा नेता रवि पांडेय।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने 11 को आएंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

नारी सशक्तिकरण, शक्ति संवर्धन 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ हसौद में आयोजित होने वालें कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 दिसंबर को अपने हसौद प्रवास की सहमति प्रदान की।

9 से 12 दिसंबर तक ग्राम हसौद में 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित है, जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से डॉ चिन्मय पंड्या का आगमन 11 दिसंबर को निर्धारित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 दिसंबर को हसौद आने पर अपनी सहमति प्रदान की। एक माह पूर्व हसौद से गायत्री परिवार के गायत्री परिजन यज्ञ का निमंत्रण लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं अन्य मंत्रियों को यज्ञ का निमंत्रण देने के लिए रायपुर गए थे। फिर से 30 नवंबर को मुख्यमंत्री साय से मिलकर समय का निर्धारण करने के लिए रायपुर जाकर परिजन आए। मुख्यमंत्री ने सहृदयता से निमंत्रण को स्वीकार कर 11 दिसंबर को चिन्मय पंड्या के साथ मंच साझा करने की सहमति प्रदान की एवं पूर्ण आश्वासन दिए। उन्होंने कहा कि वे निश्चित रूप से 11 दिसंबर को आएंगे। मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने के लिए रायपुर निर्मल सिन्हा, श्रीमती आदर्श वर्मा के साथ डॉ कैलाश साहू, गिरधर साहू, कृष्णा जायसवाल एवं 4 -5 परिजन हसौद से गये थे।




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को निमंत्रण देते गायत्री परिवार के लोग।

सकारात्मक चिंतन से क्रोध मुक्त जीवन विषय पर कार्यक्रम

# राजयोग से क्रोध पर किया जा सकता है नियंत्रण : भगवान भाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

क्रोध से कार्यक्षमता नष्ट हो जाती है। क्रोध की अवस्था में विचार बहुत ही तेज गति से चलने लगते हैं जिससे शारीरिक उर्जा व्यर्थ ही नष्ट होने लगती है। क्रोध के बाद थकावट का अनुभव होता है। क्रोधी व्यक्ति का स्वभाव सदा के लिए चिड़चिड़ा हो जाता है। क्रोध से तनाव उत्पन्न होता है जो कि फिर डिप्रेशन में बदल जाता है। राजयोग से क्रोध पर नियंत्रण किया जा सकता है।

उक्त उदगार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए बी के भगवान भाई ने कही। वे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र में सकारात्मक चिंतन से क्रोध मुक्त जीवन विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चांद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं। राजयोग के द्वारा हम परमात्मा के मिलन का अनुभव कर सकता हैं। उन्होनें कहा की राजयोग के अभ्यास द्वारा ही हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकारों पर जीत प्राप्त कर जीवन को अनेक सद्गुणों से ओतप्रोत वा भरपूर कर सकते हैं। राजयोग के द्वारा मन को दिशा निर्देशन मिलती हैं जिससे मन का भटकना समाप्त हो जाता हैं। राजयोगी भगवान भाई ने अपने अनुभव के आधार से बताया की राजयोग के अभ्यास से विपरीत परिस्थिति में भी सकारात्मक चिंतन के द्वारा मन को एकाग्र किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि वर्तमान की तनावपूर्ण परिस्थितियों में मन को एकाग्र और शांत रखने के लिए राजयोग संजीवनी बूटी की तरह काम आता हैं। उन्होनें कहा कि राजयोग के अभ्यास द्वारा सहनशीलता, नम्रता, एकाग्रता, शांति, धैर्यता, अंतर्मुखता ऐसे अनेक सद्गुणों का जीवन में विकास कर सकते है। राजयोग द्वारा ही मन की शांति संभव है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की प्रभारी बी के रचना बहन नें राजयोग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने की अपील किया उन्होंने कहा वर्तमान की विपरीत परिस्थितियों में राजयोग हमे तनाव मुक्त रखने में बहुत ही मददगार बनेगा। कार्यक्रम के अंत बी के भगवान भाई ने राजयोग का अभ्यास कर सभी को शांति का अनुभव कराया।



कार्यक्रम को संबोधित करते बी .के . भगवान भाई।

